राज्य वन सेवा के अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों का भ्रमण

दिनांक 28.12.2017 को केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा, देहरादून के सन 2017-19 बैच के 42 अधिकारी प्रशिक्षुओं ने अध्ययन प्रवास के दौरान उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर का भ्रमण किया। प्रशिक्षणार्थियों के परिचयात्मक सत्र के पश्चात संस्थान की अनुसंधान व विस्तार संबंधी गतिविधियों का पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से परिचय दिया गया। अधिकारी प्रशिक्षुओं ने वानिकी परिचय केन्द्र एवं संग्रहालय, ऊत्तक संवर्धन प्रयोगशाला, कीटालय एवं वन्य प्राणी अपराध नियंत्रण ब्यूरो का भ्रमण किया। वानिकी परिचय केन्द्र एवं संग्रहालय में वन एवं वन्य प्राणी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न देशों के डाक टिकटों का संग्रह, कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा निर्मित बांस के विभिन्न आइटम, वन अनुसंधान में काम आनेवाले उपकरण, इमारती लकड़ी साल (*Shorea robusta*) को हानि पहुँचाने वाले कीट साल बोरर तथा सागौन (*Tectona grandis*) को हानि पहुँचाने वाली फफूँद ट्राइकोडर्मा के स्पेसीमेन्स देखे। संस्थान के कीटालय में 700 से अधिक कीटों का संग्रह देखा तथा टी एफ़ आर आई ट्राइकोकार्ड द्वारा कीट नियंत्रण से वन प्रबंधन की जानकरी प्राप्त की। आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग की ऊत्तक संवर्धन प्रयोगशाला में औषधीय प्रजातियों, बांस प्रजातियों एवं सागौन के उन्नत पौधे तैयार करने की तकनीक को देखा। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न विषयों पर संबंधित विशेषज्ञों से चर्चा की तथा संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रसंशा की।